हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति और यातायात...



11 सरस्वती शिशु मंदिर में पंच परिवर्तन व संप्तशक्ति...





## खबर संक्षेप

### सोलर पंप कन्ट्रोलर की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** खेत में लगे सोलर पंप का कन्ट्रोलर मशीन को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली जिसके बाद पीड़ित किसाने ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रानीतराई (रोड) थाना देवरी निवासी संतोष कुमार पिता अमृत साहू ने पुलिस को बताया कि मैं अपने ग्राम रानीतराई स्थित खेत में वर्ष 2021 में सिंचाई हेतु सोलर पंप सिस्टम लगवाया था। 02 नवम्बर को अपने खेत गया तो मेरे खेत में सोलर पंप सिस्टम का कन्ट्रोलर लगा हुआ था, खेत को देखकर अपने घर वापस आ गया था। दिनांक 03 नवम्बर को सुबह 09 बजे अपने खेत गया तो मेरे खेत में लगा सोलर पंप सिस्टम लगा हुआ हैं किन्तु उसमें लगा हुआ कन्ट्रोलर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया हैं। हमारे गांव का पुखराज साहू के भी खेत में भी सोलर पंप सिस्टम लगा हुआ था। जिसका भी कन्ट्रोलर 02 नवम्बर से 03 नवम्बर के के मध्य चोर चोरी कर ले गया हैं।

### महिला से गाली-गलौज की व जान से मारने की धमकी दी

**बालोद।** काम में जा रही महिला को पड़ोसी युवक ने अपमानजनक कह दिया, जिसका विरोध महिला द्वारा करने पर पड़ोसी ने महिला के साथ गाली गलौज कर दिया। जिसके बाद महिला द्वारा युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टिकरापारा बालोद वार्ड 04 निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि 04 नवंबर के सुबह मैं अपने घर से निकलकर काम करने जा रही थी, प्रांजल खन्ना अपने घर के पास बने शिव मंदिर के पास खड़ा था, जो मुझे देखकर, अपमानजनक कहकर मुझे सुना रहा था, तब मैंने भिखारी कहने से मना किया तो प्रांजल खन्ना गाली गलौज करने लगा तब उसे गाली–गलौज करने से मना की तो जान से मारने की धमकी दिया है।

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत एक घायल

**बालोद।** बाईक लेकर निकले दो युवको सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमे एक युवक की मौके पर मृत्यु हो गई व दुसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद युवक के पड़ोसी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 106, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम गुदुम बीचपारा थाना डौंडी निवासी मनीराम ने पुलिस को बताया कि 05.नवम्बर को रात्रि करीबन 10:30 बजे महेन्द्र रावटे का छोटे लडका निलेश कुमार रावटे अपने साथी हेमलाल गौर के साथ मोटर सायकल क्रमांक 24 डब्लू 6122 को लेकर घर से निकला था, 06.नवम्बर के रात्रि करीबन 01:30 ⏭ शेष पेज 11 पर

# तीन विशेष प्रशिक्षण शिविरों में बालोद के स्काउट्स-गाइड्स ने बढ़ाया गौरव

## सेक्रटरी, मैपिंग व पायनियरिंग कोर्स में बालोद के प्रतिनिधियों ने बढ़ाया गौरव





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के दिशा–निर्देशन एवं राज्य सचिव जीतेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर में किया जा रहा है।, जिसके अंतर्गत तीन विशेष प्रशिक्षण शिविर संचालित हो रहे हैं। जिसमे सेक्रेटरी एवं ऑर्गेनाइजर कोर्स 89 प्रतिभागियों के साथ केआर कश्यप के संचालन में, मैपिंग एवं स्टार गेजिंग कोर्स 59 प्रतिभागियों के साथ अमित कुमार क्षत्रिय के संचालन में, पायनियरिंग एवं एस्टीमेशन कोर्स 72 प्रतिभागियों के साथ जेरमीना एक्का के संचालन में आयोजित है। बालोद जिले से विभिन्न कोर्सों में प्रतिनिधित्व किया गया है, जिसमे सेक्रेटरी एवं ऑर्गेनाइजर कोर्स में मिलन सिंह सिन्हा, चंद्रशेखर दिल्लीवार, सेवाराम प्रेमन, रूपेंद्र सिन्हा, नेम सिंह साहू एवं प्रेमलता चंद्राकर व पायनियरिंग एवं एस्टीमेशन कोर्स में भागवत साहू तथा मैपिंग एवं स्टार गेजिंग कोर्स मेंरू योगेश कुमार नायक स्टाफ सदस्य के रूप में तनुजा बंजारे है। बालोद जिले ने राज्य स्तरीय विशेष शिविर में उत्कृष्ट प्रतिनिधित्व करते हुए स्काउटिंग–गाइडिंग की भावना को और प्रबल बनाया है। यह जानकारी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ बालोद मिलन सिंह सिन्हा ने दी।

## कार्रवाई : शुल्क बचाने का झांसा देकर सरकारी दर पर रजिस्ट्री कराकर की धोखाधड़ी

# 43 लाख की जमीन को धोखे से 9.50 लाख में कराई रजिस्ट्री, चार के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

अधिक मूल्य मे जमीन का सौदा करने के बाद सौदे से कम पैसे देकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने धोखाधड़ी करने वाले चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम उमरादाह निवासी बलराम पटेल ने पुलिस को बताया कि खेती बाडी का काम करता हूं, ग्राम उमरादाह में मेरे एवं मेरे बहन सुलोचना पटेल के नाम पर मेरे ग्राम उमरादाह में स्थित भूमि खसरा नं0 386/1, 386/2, 337/5 रकबा क्रमशः 0. 20,0.20,0.24 हेक्टेयर स्थित है, उक्त भूमि को ग्राम अचानकपुर तहसील पाटन निवासी परस राम साहू से 43,00,000 रूपये में सौदा हुआ था। सौदा के संबंध में इकरारनामा तहसील कार्यालय दल्ली राजहरा में 11.08.2025 को निष्पादित कराये है। 1 सितम्बर को रजिस्ट्री कराना है बोला था, तब मैं तैयार हुआ, परसराम साहू ने मुझे कहा कि सौदा की जमीन की रजिस्ट्री सरकारी कीमत पर करायेगें, सौदा की शेष राशि अलग से मैं चेक दुंगा। सौदा के हिसाब से रजिस्ट्री करेंगे तो शुल्क ज्यादा देना पड़ेगा कहा। परसराम साहू ने अपने साथ लाये गये महिला तारा बाई साहू के नाम पर रजिस्ट्री कराया। तारा बाई साहू को मैं नहीं जानता पहचानता हूँ।



फाइल फोटो

परसराम साहू के कहने पर मैं व मेरी बहन ने जमीन को तारा बाई साहू के नाम पर 9,50,000 रूपये में सरकारी भाव पर रजिस्ट्री बैनामा पत्रक में हस्ताक्षर कर दिया। सौदे के शेष रकम के भुगतान के लिये परसराम साहू ने 25,50000 रूपये का चेक मेरे निर्देश पर प्रहलाद कुमार के नाम पर जारी करवाया था। लेकिन चेक का हस्ताक्षर गलत होने से रकम का भुगतान नहीं किया। चेक को वापस कर दिया तब मेरे द्वारा परसराम साहू व तारा बाई साहू से बार बार रकम भुगतान के लिये संपर्क किया गया। हर बार टाल मटोल करते रहा।

### चेक में हस्ताक्षर भिन्न

आज दिनांक तक परसराम साहू ने जान बुझ कर रकम नहीं देने के आशय से चेक में भिन्न हस्ताक्षर कर चेक दिया है। परसराम साहू, से सौदा की शेष रकम वापस करने संपर्क किया जो परसराम साहू ने मुझे धमकी देते हुए जमीन का रजिस्ट्री तारा बाई साहू के नाम पर होकर प्रमाणिकरण हो गया है तुम्हे जो करना है कर लो रकम नहीं दुंगा बोला। तब में हतास होकर लोगो को घटना के संबंध में अवगत कराया तो मुझे पता चला कि परसराम साहू व अन्य लोग इसी प्रकार की ठगी पाररास के एक व्यक्ति के साथ किया है उसके 80,00000 रूपये की जमीन को मात्र 10,00000 रूपये देकर रजिस्ट्री करवाया है, परसराम साहू ने अपने साथी के सांथ मिलकर धोखाधड़ी किया है।

# रकम दस गुना करने का झांसा व्यापारी से 5.22 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

तंत्र–मंत्र से पुजापाठ कर रकम दस गुना करने का छल कर पूजापाठ के बहाना महिला चार लोगों से कुल 5,22,000 रूपये की धोखाधड़ी कर फरार हो गई। जिसके बाद एक पीड़ित व्यक्ति ने महिला के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

■ रकम दस गुना करने का झांसा देकर महिला ने उड़ाए लाखों रुपये

ग्रम बिजोरा थाना डौण्डीलोहारा निवासी गल्ला धान व्यापारी जालम चंद जैन 37 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ग्राम कोचेरा (डौण्डीलोहारा) के मुकुंद लाल साहू मुझे 6 अगस्त को मुझे फोन कर बताया एक महिला है।जिसका नाम मंदा पासवान ग्राम मारेगांव यवतमाल महाराष्ट्र की रहने वाली है जो पुजा पाठ कर रकम को दोगुना कर देती है। मैं मंदा पासवान से वॉट्सअप कॉल कर बात किया, मंदा पासवान ने कहा पुजापाठ के समय रखे रकम को 10 गुना तक तंत्र–मंत्र कर बढ़ा देती हुं। शाम 5 बजे करीबन मंदा पासवान ने बालोद मे रात्रि 08 बजे हॉरिजोन स्कूल के आगे ईंट भट्ठा के पहुंचे और पूजा पाठ के लिये दो घड़ा रखवाये। जिसमे मंदा पासवान ने पैसा रखने के लिये बोले तब मैं 500 का कुल पांच बंडल कूल 2,50,000 रूपये, मुकुंद साहू के पास रखे 80,000 रूपये, एवं रघुनाथ सागर के पास रखे 500 के कूल दो बंडल, संत साहू का 92,000 रूपये कुल 5,22,000 रूपये पूजा स्थल में रखे, मंदा पासवान ने हमारे द्वारा पूजा के लिये घड़ा में रखवाये गये रकम को आधा घण्टा बाद घड़ा में रखे रकम सहित घड़ा को लेकर कचहरी चौक बालोद में पूजा करना है। कहकर रघुनाथ सागर के साथ रात्रि 10 बजे मोटर सायकल से निकली। थोड़ी देर बाद रघुनाथ सागर वापस पूजा स्थल पर आया, उसे आने का कारण पूछा तो नींबू भूल गये है।

उसे लेने भेजी है, बताकर सागर नींबू लेकर कचहरी चौक बालोद गया, जो रात्रि 10.30 बजे वापस आकर हमें बताया मंदा पासवान कचहरी चौक पर नही है। तब हम चारों लोग कचहरी चौक बालोद आकर मंदा पासवान का पता किया कहीं पर नही मिली।

# गुण्डरदेही के संपूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान में कुल 3,808 नेत्र रोगी की पहचान हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएल उईके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ मारकण्डे एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम विकासखण्ड गुण्डरदेही मे संपन्न किया गया।

■ नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम में 2 लाख से अधिक लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण




शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा का कार्यक्रम हेतु विकाखण्ड गुण्डरदेही का चयन किया गया था। सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत विकासखण्ड गुण्डरदेही के समस्त ग्रामों में सघन नेत्र परीक्षण का कार्य निर्धारित कार्ययोजना अनुसार किया गया। दिनांक 01 नवम्बर तक विकासखण्ड गुण्डरदेही के समस्त ग्रामों में नेत्र परीक्षण का किया गया। जिसमें कुल जनसंख्या 214041 का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया। नेत्र परीक्षण उपरांत दोनो आंख वाले मोतियाबिंद के 109 मरीज, एक आंख वाले मोतियाबिंद 919 मरीज, मोतियाबिंद कच्चा 836 मरीज, दृष्टिदोष वाले 945 मरीज, प्रेसबायोपिया के 939 मरीज एवं रेटिना संबंधित 14, ग्लाकोमा के 03 मरीज, कार्निलय ओपेसिटी के 25 मरीज, लो–विजन के 18 मरीज मिले। मोतियाबिंद के मरीजों को जिला चिकित्सालय लाकर ऑपरेशन ⏭ शेष पेज 11 पर

# मंत्र-तंत्र से इलाज करने का झांसा देकर महिला से 2.72 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

पुलिस विभाग में उप निरीक्षक की पत्नि को तंत्र मंत्र पूजा पाठ के नाम पर सोने चांदी व नकदी सहित कुल 2,72,000 रूपये का चोरी कर ले गए। जिसके बाद पीड़ित महिला ने अज्ञात तीनो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम खैरवाही निवासी घनेश्वरी ठाकुर ने पुलिस को बताया कि मेरे पति पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद पर जिला बेमेतरा में कार्यरत है। वर्ष 2023 में थाना साजा जिला बेमेतरा में पदस्थापना के दौरान बिरनपुर घटना में चोट लगने से मेरे पति का बाएं अंग काम नहीं करता है, जिसके ईलाज के लिये ग्राम झलमला में विगत 01 वर्ष से कल्याण साहू के घर में किराये से पति के साथ रहती हूं। मेरे पति का विभिन्न अस्पतालो में ईलाज करवाया कहीं पर ठीक नहीं हुआ, इस वर्ष तीज के समय एक महिला तिखुर बेचने के नाम से मोहल्ला में आई, जो मेरे घर आकर मेरे पति के हालत को देखकर बोली तुम्हारे पति को जादू टोना कर दिया है, मेरे परिचित में एक बैगा है, साहब का बिमारी ठीक कर देगा, मैं बैगा को लेकर नवरात्री पंचमी के दिन आऊंगी, कहकर चली गई। उक्त महिला 26 सितम्बर को दोपहर 03 बजे लगभग मेरे घर अज्ञात एक महिला व एक पुरूष को लेकर आई और अपने साथ लाये मूर्ति को रखकर पूजापाठ किये। उसके बाद पैसा का मांग किये तब मैं बोली हमारे पास पैसा नहीं है हम कहां से पैसा देंगे। इस पर दो अज्ञात महिला व पुरूष बोले तुम साथ नहीं दोगे तो तुम्हारे घर में अनर्थ हो जायेगा, साहब का बिमारी बढ़ जायेगा, हम डर कर पति के ईलाज के लिये रखे नगदी रकम 1,67,000 रूपये को पूजा स्थल में रखी, उसके बाद वे बोले रूपया पैसा के अलावा सोना चांदी चढाना पड़ेगा तभी पूजा फलित होगा। सोना– चांदी नहीं चढाओगे तो तुम्हारे पति को कुछ भी हो जायेगा।




कहने पर मेरे पहने हुये गले का मंगलसूत्र वजनी लगभग 10 ग्राम, एक अन्य मंगलसूत्र सोने का 10 ग्राम एवं एक जोड़ी चांदी का पायल 15 तोला को निकाल कर पूजा स्थल पर पीढ़ा में रख दी। तब अज्ञात महिला व पुरूष द्वारा जल्दं पूजापाठ खत्म कर नगदी रकम व सोने– चांदी के जेवरात को अपने घर के माता के आसन में छुआकर माता का आशऍवाद लेकर नगदी रकम व सोने– चांदी के जेवरात को वापस कर देंगे कहकर लेकर चले गये जो वापस नहीं आये और ना ही नगदी रकम व सोने– चांदी के जेवरात को वापस किये।

## केंद्रीय दल ने चयन स्थल को दी 90% मंजूरी, जल्द शुरू होगा विद्यालय का संचालन

# दल्लीराजहरा में केंद्रीय विद्यालय स्थापना का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

लगभग 10 वर्षों की लंबी मेहनत और संघर्ष के बाद आखिरकार दल्लीराजहरा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। गुरुवार को नई दिल्ली से केंद्रीय दल दल्लीराजहरा के चिखलाकसा क्षेत्र पहुंचा और विद्यालय स्थापना के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण किया। पहली ही नजर में दल ने स्थल को लगभग 90 प्रतिशत तक हरी झंडी दे दी है।



केंद्रीय दल ने अपने पहले सर्वे में यह माना कि स्थल केंद्रीय विद्यालय के संचालन के लिए उपयुक्त है। साथ ही, बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 की बिल्डिंग को अस्थायी संचालन स्थल के रूप में स्वीकृति मिल गई है। यह दल्लीराजहरा और आसपास के हजारों विद्यार्थियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर दल मंच ने पिछले वर्षों में लगातार धरना, प्रदर्शन, आंदोलन और नगर बंद जैसे अनेक कार्यक्रम किए थे। मंच के नेतृत्व ने हर स्तर पर अपनी आवाज बुलंद की चाहे वह जिला, राज्य या केंद्र सरकार हो। मंच के इन सतत प्रयासों से यह मुद्दा दिल्ली तक पहुंचा। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने इस मुहिम में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने पहले दिन से ही पत्राचार प्रारंभ कर इस अभियान को दिशा दी। उनके नेतृत्व में नगर के नागरिकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर दल्लीराजहरा को केंद्रीय विद्यालय का हक दिलाने में अहम योगदान दिया।

**नगर में खुशी का माहौल:** यह खबर मिलते ही दल्लीराजहरा में खुशी और गर्व का माहौल है। नागरिकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। सभी का ⏭ शेष पेज 11 पर

### जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने दी जानकारी

जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने बताया कि केंद्रीय दल के प्रतिनिधि आज दल्लीराजहरा पहुंचे और स्थल का सर्वेक्षण कर 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। अब केवल कुछ दस्तावेजी औपचारिकताएं बाकी हैं, जिनके पूर्ण होने के बाद रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रालय को भेजी जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि वे स्वयं केंद्रीय दल के साथ स्थल निरीक्षण में मौजूद थीं। अस्थायी संचालन के लिए बीएसपी विद्यालय की बिल्डिंग को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय दल ने अपनी रिपोर्ट में विद्यालय की स्थापना के लिए सकारात्मक संकेत दिए हैं।

**अब अंतिम मंजूरी का इंतजार:** सभी सर्वेक्षण और भूमि चयन की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। केंद्रीय दल अब दिल्ली लौटकर अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेगा, जिसके बाद अंतिम मंजूरी मिलने की संभावना है। आगामी 15 दिनों में केंद्रीय बजट की घोषणा के साथ ही विद्यालय स्थापना की औपचारिक घोषणा हो सकती है।

## मौसम साफ होते ही खेतों में लौटी रौनक

# धान की कटाई में किसान जुटे, 16 नवंबर से प्रारंभ होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा





आई तेज हवाओं और वर्षा ने कुछ दिनों के लिए किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। कई स्थानों पर तूफान और बारिश से खेतों में गिरे धान की फसलें प्रभावित हुईं, जिससे किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई थी। परंतु अब मौसम पूरी तरह साफ हो गया है और खेतों में फिर से रौनक लौट आई है। किसान अब तेजी से धान की कटाई में जुट गए हैं। ताकि समय पर फसल की कटाई कर उसे बेचा जा सके। कोई किसान हार्वेस्टर और चैन हार्वेस्टर की मदद से कटाई कर रहा है तो कोई रीपर मशीन से फसल काट रहा है। वहीं अनेक किसान पारंपरिक तरीके से हाथ से धान की कटाई कर रहे हैं। खेतों में इन दिनों सुबह से लेकर देर शाम तक किसानों की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष धान खरीदी की प्रक्रिया 16 नवंबर से प्रारंभ की जा रही है। इस बार भी किसानों से पिछले वर्ष की भांति रु3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जाएगा। सरकार ने दावा किया है कि इस बार रु 3100 एक मुश्त दिया जाएगा, जिससे किसानों में उत्साह का माहौल है और वे कटाई का कार्य तेजी से निपटाने में लगे हैं। ताकि खरीदी केंद्रों में समय पर अपनी फसल पहुंचा सकें।

## खबर संक्षेप



### मशरूम उत्पादन की तकनीक जाना किसानों ने

**छुईखदान।** ग्राम पंचायत गोपालपुर में रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान के रावे के छात्रों ने किसानों को प्रायोगिक माध्यम द्वारा मशरूम उत्पादन की तकनीक से अवगत कराया। इस दौरान रावे के छात्रों ने किसानों को मशरूम की प्रमुख प्रजातियों, जैसे बटन, ऑयस्टर और मिल्की मशरूम, मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों, बीज चयन, तैयारी, तापमान एवं नमी प्रबंधन, संग्रहण और विपणन की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को यह भी बताया गया कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर मशरूम उत्पादन को किस प्रकार कम लागत में आरंभ किया जा सकता है। इस दौरान सहायक प्राध्यापक तामिन ठाकुर ने बताया कि मशरूम न केवल पोषक तत्वों से भरपूर होता है, बल्कि अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम है। कृषक इसे उद्यम के स्तर पर अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करके ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में रावे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार नंदनवार, रावे समन्वयक डॉ. सेवक ढेंगे तथा डॉ. प्रेरणा जैसवाल का योगदान रहा।

### शर्मा बाबू के कविता संग्रह का रायपुर में विमोचन



**गंडई पंडरिया।** राजधानी रायपुर के वृंदावन हॉल, सिविल लाइन में 5 नवंबर को छंद के छः का भव्य दीवाली मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए छंद साधकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नौ छंद साधकों की नौ पुस्तकों का एक साथ विमोचन रहा। इसी कड़ी में, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कटंगी निवासी साहित्यकार और छंद साधक कमलेश प्रसाद शर्मा बाबू के छत्तीसगढ़ी कविता संग्रह ठउंका केहेस मितान का विमोचन किया गया। चंदैनी गोंदा के उद्घोषक सुरेश देशमुख, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती सरला शर्मा, सुधीर शर्मा और अरुण निगम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपने कर-कमलों से इस कृति का विमोचन किया। शर्माबाबू की यह आठवीं छत्तीसगढ़ी कृति है, जिसकी भूमिका खैरागढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार विनय शरण सिंह ने लिखी है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर छंदबद्ध कविताओं की शानदार प्रस्तुति के बीच इस विमोचन के लिए अनेक साहित्यकारों और शुभचिंतकों ने शर्माबाबू को बधाई दी है।

### बैठक 10 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष इंजीनियर जीआर देवांगन अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा दिग्विजय स्टेडियम के मुख्य प्रबंधक जादवेंद्र कम्प से सौजन्य भेंट कर नवपदस्थ होने पर बधाई दी।

## निधन

### अमरचंद बोहरा



**डोंगरगांव।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अमरचंद बोहरा का 95 वर्ष की आयु में छह नवंबर को सुबह 7.30 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल 7 नवंबर को 12 बजे मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व बोहरा ने सुरेश, किशोर, मनीष का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। गत 31 अक्टूबर को उनकी सांसारिक पौत्री भाविका बोहरा ने जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण किया है।

---

### उच्च शिक्षा विभाग के मुख्य द्वार पर लगी तस्वीर

# राज्योत्सव में आकर्षक रही विश्वविद्यालय की प्रदर्शनी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

राज्य स्थापना दिवस के 25 साल पूरा होने पर आयोजित रजत जयंती पर्व को लेकर नवा रायपुर में इंदिरा कला संगीत विवि की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी रही। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मार्गदर्शन में उक्त पांच दिवसीय प्रदर्शनी में विवि के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया गया।

सुबह से लेकर देर रात तक प्रदर्शनी में लोगों की भीड़ लगी रही और विभिन्न कलाओं को जानने समझने के लिए लोगों ने अपनी रुचि जाहिर की। खास बात यह रही कि उच्च शिक्षा विभाग की इस प्रदर्शनी के मुख्य द्वार पर संगीत विवि की तस्वीर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। तस्वीर देखते ही लोग आकर्षित होकर कला के संबंध में जानकारी लेने पहुंचते रहे।

उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने भी प्रदर्शनी का आनंद लिया और इसकी सराहना की। प्रदर्शनी संयोजक योग निदेशक डॉ अजय पांडेय और सहसंयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ विकास चंद्रा रहे। सहयोगी के रूप में मूर्तिकला के छात्र पोडियम रवि, चित्रकला के छात्र गिरीश उपस्थित रहे।

## विभिन्न कलाओं का किया प्रदर्शन



### संगीत कला की शिक्षा लेने किया जागरूक

नवा रायपुर की तरह कुलपति के निर्देशन में जिला मुख्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी में भी जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने रुचि ली। इस दौरान दृश्य कला संकाय के अंतर्गत चित्रकला, मूर्तिकला, छापाकला, क्राफ्ट व डिजाईन विभाग द्वारा विभिन्न कलाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी। आसपास के गांवों से पहुंचे लोगों विशेषकर युवाओं को संगीत एवं ललित कलाओं की जानकारी देते हुए इनके अकादमिक महत्व व प्रभाव पर प्रकाश डाला गया वही कौशल विकास की शिक्षा के प्रति जागरण के लिए भी विशेष प्रयास किया गया। प्रदर्शन संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ रबीनारायण गुप्ता, सह संयोजक सहायक प्राध्यापक संदीप किन्डो रहे। सहयोगी के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ कपिल वर्मा व डॉ छगेंद्र उसेंडी, अतिथि व्याख्याता मनिंदर सिंह, उमेश नेताम व केशव ध्रुव उपस्थित रहे।

---

# ताम्रकार ने वनांचल क्षेत्र के खेतों में पहुंच कर लिया खराब फसलों का जायजा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया**



बीते सप्ताह हुए बेमौसम बारिश से धान की फसल काफी प्रभावित हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ठाकुरटोला पैलीमेटा, भदेरा, सिंगारपुर, जंगलपुर आदि गांव पहुंचकर फसल की स्थिति का मुआयना किया। फसल बरसाती पानी में चौपट हो गया है। उन्होंने उपस्थित किसानों से चर्चा कर विभागिय अधिकारियों से फसल की स्थिति से अवगत कराया तथा तत्काल मुआवजा प्रकरण एवं फसल बीमा के सर्वे के लिऐ दिशा निर्देशित किया।

ताम्रकार ने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार हमेशा किसानों के साथ है। सरकार का फैसला किसानों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश में पहले सोयाबीन फसल खराब हुई और अब धान की फसल बरसाती पानी में खराब हो गई है। ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है। वनांचल एवं मैदानी इलाकों के सैकड़ों गांव के किसान खराब फसल को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि इस विकट स्थिति में आर्थिक सहायता एवं फसल बीमा का लाभ किसानों को मिलना चाहिए। क्षेत्र में जल्द ही नुकसान हुए फसल का सर्वे एवं आकलन का कार्य शुरू हो जायेगा और सरकार उन्हें आर्थिक लाभ जरूर पहुंचाएगी। मौके पर प्रकाश जंघेल, जनपद सदस्य काशी राम, रमेश कुमार, अनुज साहू, दूजे भाई, कुमार पाल, भुनेश्वर सेन, अशोक साहू सहित कृषक, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों की समस्या को लेकर कृषि मंत्री से मिले खम्हन

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार गुरुवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर क्षेत्र में फसल नुकसान की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पैलीमेटा, ठाकुरटोला, सड़क अतरिया, बुन्देली सहित जिलेभर में बेमौसम बारिश से धान, सोयाबीन की फसल चौपट हो गई है। उन्होंने पत्र सौंपकर किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचाने की बात कही। श्री ताम्रकार ने मंत्री को बताया कि बेमौसम बारिश में पहले सोयाबीन की फसल चौपट हो गया तथा अब धान की कटाई-मिंजाई के समय हुए मूसलाधार बारिश ने धान की फसल को बर्बाद कर दिया है। बहुत से किसान कर्ज लेकर फसल का उत्पादन महंगी लागत पर किया था, जो अब आर्थिक क्षति को लेकर काफी चिंतित हैं। लगभग सभी किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपने फसल का बीमा कराया हुआ है। ताम्रकार ने बताया कि मंत्री ने किसानों को आर्थिक सहायता एवं बीमा का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है।



---

# ग्राम पटेल पर शासकीय जमीन में अवैध कब्जे का लगाया आरोप



- तहसीलदार से लेकर एसडीएम तक शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया**

गंडई तहसील अंतर्गत ग्राम बुड़ासागर में ग्राम पटेल द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिक द्वारा इस मामले को लेकर पहले तहसीलदार और फिर अनुविभागीय अधिकारी को लिखित शिकायतें दी गई हैं।

इस मामले की शुरुआत 28 अक्टूबर को हुई, जब आवेदक संथीर कुमार पटेल ने तहसीलदार, गंडई को एक शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ग्राम बुड़ासागर के ग्राम पटेल गौकरण पटेल द्वारा खसरा क्रमांक 253, 254 और 49/1 पर अवैध कब्जा किया गया है, जो शासन के नियमों का सीधा उल्लंघन है। तहसीलदार को शिकायत दिए जाने के बाद, 3 नवम्बर को आवेदक ने यह शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग को भी सौंपी।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में मामले की गंभीरता को बढ़ाते हुए यह भी उल्लेख किया गया है कि अवैध कब्जाधारी ग्राम पटेल ने शासकीय जमीन पर धान की फसल की बोवाई भी कर दी है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम से निवेदन किया है कि अवैध कब्जे को बेदखल करने के लिए कड़ी और त्वरित कार्रवाई की जाए।

**कार्रवाई की जाएगी**

तहसीलदार को जांच अधिकारी बनाया गया है। उनके द्वारा जांच किया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।
- **अविनाश ठाकुर,** अनुविभागीय अधिकारी

# चोरड़ाधाम में कार्तिक पूर्णिमा मेला आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया**

- बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

चोरड़ाधाम स्थित डोंगेश्वर महादेव मंदिर में दो दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा का आयोजन किया गया। मंदिर समिति एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हजारों श्रद्धालुओं ने शिव दर्शन कर मेला का लुफ्त उठाया। यहां स्थित शीतल जल कुंड में सुबह से स्नान करने श्रद्धालुओं का कतार लग गया था, जो कुंड में डूबकी लगाकर दीप दान करते नजर आये। वही शिव दर्शन एवं पूजन कर अपनी आस्था प्रकट किया।



यहां का कार्तिक पुन्नी मेला काफी प्राचीन मेला है। इस बार भी वनांचल सहित दूर दराज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर मेला का लुफ्त उठाया। दो दिवसीय मेला में धार्मिक आयोजन में रूद्र अभिषेक, रामायण पाठ आदि का आयोजन किया गया। कार्तिक मेला में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर साह खुशरो, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, तिरथ चंदेल, आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, रमेश जंघेल, पवन पटेल, प्रकाश जंघेल, अनुज साहू, गणेश राम वर्मा, रोशन जंघेल, अशोक साहू, केशलाल मंडावी, बोधन सिंह सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि भी आस्था प्रकट करने चोरड़ाधाम पहुंचे।

# कलेक्टोरेट परिसर के सौ मीटर दायरे में धरना-प्रदर्शन, जुलूस, सभा नारेबाजी प्रतिबंधित

**खैरागढ़।** जिला कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल आईएएस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार जिला कार्यालय परिसर और उसके चारों ओर सौ मीटर की परिधि को धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सभा, नारेबाजी और ध्वनि विस्तारक यंत्र माइक/लाउडस्पीकर के उपयोग को लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि जिला कार्यालय परिसर के खाद्य, समाज कल्याण, श्रम, कृषि जैसे अन्य विभागों मे रोजाना दिव्यांगजन, वृद्धजन, महिलाएँ और आम नागरिक काम लेकर आते हैं लेकिन लगातार हो रहे धरना-प्रदर्शन और रैलियों के कारण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि शांति, विधि व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने प्रतिबंध लगाना आवश्यक हो गया है। अब कोई भी व्यक्ति या संगठन बिना विधिवत अनुमति के प्रतिबंधित क्षेत्र में धरना रैली या सभा आयोजित नहीं कर सकेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र जिला कार्यालय परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि तक का क्षेत्र निषिद्ध गतिविधियाँ बिना अनुमति पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह प्रतिबंधित क्षेत्र में एकत्र नहीं होगा। किसी भी प्रकार का धरना, ज्ञापन-संग्रह, या सार्वजनिक सभा नहीं की जाएगी। कोई भी व्यक्ति या संगठन यदि रैली या प्रदर्शन करना चाहता है तो उसे कम-से-कम 48 घंटे पूर्व जिला प्रशासन को लिखित आवेदन प्रस्तुत करना होगा। अनुमति केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल पर ही दी जाएगी। किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित क्षेत्र में अस्त्र-शस्त्र लेकर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 188 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### डस्टबीन का वितरण नहीं

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका ने मार्च और अप्रैल में डस्टबीन क्रय किया था किन्तु उसका अब उपयोग नहीं किया गया है। पार्षद निधि से शहर के चौक चौराहों और वार्डों में लगाने के लिए डस्टबीन की खरीदी किया गया किन्तु न तो वार्डवासियों को डस्टबीन दिया गया और न चौक चौराहों में लगाया गया हे। अगस्त में नगर पालिका के इंजीनियर भुवनलाल कौशिक ने बताया था कि डस्टबीन को धरमशाला में रखा गया है। मांग के अनुरूप डस्टबीन का उपयोग किया जा रहा है। खरीदे गए डस्टबीन का भुगतान हो गया है। वार्ड 12 के पार्षद हरिष भंडारी ने घरों में बाटने के लिए लगभग 2 लाख के डस्टबीन खरीदने की बात स्वीकार किया है।

# क्षतिपूर्ति दिलाने संयुक्त दल करेगा निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान**

हाल ही में आए मोन्था तूफान और चक्रवाती वर्षा से जिले के किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। कई क्षेत्रों में धान, सोयाबीन और साग-सब्जियों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं, वहीं कटाई के बाद खेतों में रखी उपज भी करपा की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है।

किसानों की लगातार मिल रही जानकारी के बाद प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से संयुक्त निरीक्षण दल का गठन किया है। इस दल में संबंधित हल्का पटवारी, ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखंड स्तर के बीमा कंपनी प्रतिनिधि और कृषक मित्र को शामिल किया गया है।



संयुक्त दल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों की क्षति का मूल्यांकन करेगा। रिपोर्ट के आधार पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और आरबीसी 6-4 के तहत पात्र किसानों को राहत दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर ने सभी दलों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रभावित ग्रामों का निरीक्षण कर सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि किसानों को जल्द से जल्द सहायता मिल सके। सभी किसानों से अपील है कि सर्वे के दौरान सर्वे किसान अपने खेत में रहे। कोई भी समस्या आने पर एसडीएम,तहसीलदार कार्यालय से संपर्क करे।

---

### शाला आधुनिक संसाधन और आकर्षक वातावरण से परिपूर्ण

# पीएमश्री विद्यालय बनने के बाद लालपुर शाला में आया विकास का नया सवेरा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

ब्लॉक मे 1962 से संचालित शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर आज विकास का प्रतीक बन चुकी है। पहले जहां भवन जर्जर था और सुविधाओं का अभाव था, वहीं अब यह शाला आधुनिक संसाधनों और आकर्षक वातावरण से परिपूर्ण है। यह परिवर्तन पीएम श्री विद्यालय योजना अंतर्गत विद्यालय चयन से हुआ जिसने लालपुर के शिक्षा जगत को नई दिशा दी है। चयन के बाद मुख्यमंत्री शाला जतन योजना से भवन मरम्मत की गई। अब कक्षाएं रंगीन, स्वच्छ और प्रिंट रिच सामग्री से सुसज्जित हैं, जो बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाती हैं। शाला में डिजिटल कक्षाओं की शुरुआत की गई है, जहां टीवी और साउंड सिस्टम के माध्यम से बच्चों को नवीन पद्धति से अध्यापन कराया जा रहा है। वर्ष 2023 में जहां विद्यार्थियों की संख्या 56 थी, वहीं अब यह बढक़र 80 हो गई है। बच्चे नियमित रूप से शाला आने लगे हैं और पालकों की सहभागिता में भी वृद्धि हुई है।



### स्वच्छता और पेयजल की व्यवस्था

शाला परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है। गीले और सूखे कचरे के लिए कम्पोस्ट गड्ढे, जगह-जगह डस्टबिन, और आर.ओ. सिस्टम की सुविधा ने बच्चों को स्वच्छ पेयजल और साफ वातावरण उपलब्ध कराया है। शौचालयों में रनिंग वाटर और हैंडवॉश यूनिट लगाई गई है। बालिका शौचालय का निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। परिसर के चारों ओर तार फेंसिंग की गई है ताकि पौधों और परिसर की सुरक्षा बनी रहे। बागवानी के लिए क्यारियाँ और गमले लगाए गए हैं। सांसद प्रतिनिधि भागवतशरण सिंह के प्रयासों से शाला में अहाता निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई है, जिससे परिसर का सौंदर्य और सुरक्षा दोनों बढ़ जाएगा।

### संस्कृति और सृजनशीलता का मधुर संगम

बच्चों को अब म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट की सुविधा उपलब्ध है, जिससे वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रार्थना सभा में भी संगीत के साथ वातावरण मधुर और प्रेरणादायी बन गया है। समर कैंप जैसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा और सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान कर रहे हैं। शाला के किचन शेड का पूर्ण मरम्मत कार्य किया गया है। अब गैस से भोजन बनाया जा रहा है जिससे विद्यालय पूरी तरह धुआँ रहित हो गया है। इससे मिड-डे मील की गुणवत्ता और रसोई का वातावरण दोनों बेहतर हुआ हैं। प्रधान पाठिका प्रेरणा सिंह ने बताया कि पीएम श्री विद्यालय बनने के बाद शाला का सर्वांगीण विकास हुआ है। अब बच्चे न सिर्फ पढ़ाई में, बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भाग ले रहे हैं। यह विद्यालय अब पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन चुका है। शाला विकास में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी, पालक और शिक्षा विभाग के अधिकारी निरंतर सहयोग कर रहे हैं। जिलाधीश, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, राज्य एवं जिला नोडल अधिकारी, बीआरसी और सीएसी के मार्गदर्शन से विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर जिले में होगा भव्य आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

शासन के निर्देशानुसार वंदे मातरम के 150 वें वर्षगांठ अवसर पर पूरे जिले में चार चरणों में ग्राम पंचायत, जनपद, जिला व राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराने का निर्देश दिया हैं। आयोजन चार चरणों प्रथम 7 से 14 नवम्बर, द्वितीय 19 से 26 जनवरी , तृतीय 7 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान के साथ और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर समापन सप्ताह तक निर्धारित है। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। 7 नवम्बर को सुबह 10 से 11 बजे तक दूरदर्शन के माध्यम से उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में यह प्रसारण अनिवार्य रूप से देखा जाएगा। उनके उद्बोधन बाद सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया जाएगा।

### कई कार्यक्रम होंगे आयोजित

जिले में वंदे मातरम के विभिन्न रूपों पर आधारित संगीत समारोह, लघु फिल्म प्रदर्शन, स्मारक डाक टिकट और सिक्का विमोचन की फिल्म, कवि सम्मेलन, चित्रकला, रंगोली एवं प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के विद्यालयों में बैंड की प्रस्तुतियों के माध्यम से वंदे मातरम पर आधारित सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड के दल इन आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम को समर्पित विशेष सभाएं, निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, ताकि विद्यार्थियों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया जा सके। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर तैयारी करने और जन भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## खबर संक्षेप

### जेवरात चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से जेवरात चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन निवासी विजय कुमार ने शिकायत किया कि घर की आलमारी से सोने के जेवरात पार हो गया था। पुलिस में शिकायत के बाद खोजबीन किया गया। पीड़ित के मकान में पुरैना निवासी बबीता बिनिया नामक महिला दो साल से काम करती थी। उस पर संदेह होने पर पुलिस ने पूछताछ किया। पूछताछ में बबीता ने स्वीकार किया कि लालच में आकर मकान के आलमारी से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपिया ने बताय कि विगत 5 माह से थोड़े-थोड़े करके अलमारी से जेवरात पार किया था। जिसे पावर हाउस के ज्वेलर्स में माला कारीगर रमेश सोनी और भिलाई तीन बाजार चौक के सनी सोनी से गलवा कर नए जेवर बनवाकर अपने घर पर रखना स्वीकार किया।

### स्कूल जा रही छात्रा की हादसे में मौत

**भिलाई।** स्कूल जा रही छात्रा को बाइक सवार ने ठोकर मारने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना धमधा थाना क्षेत्र का है। धमधा पुलिस ने बताया कि धमधा-खैरागढ़ मार्ग पर धरमपुरा और बरहापुर चौक के पास छाया साहू रोज की तरह साइकिल से शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला बरहापुर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने छाया साहू को चपेट में लिया। हादसे में छाया की मौके की पर ही मौत हो गई। छात्रा ग्राम धरमपुरा की रहने वाली थी। कक्षा 6वीं की छात्रा थी। बाइक चालक ग्राम गोरपा माधवन यादव है, जो बाइक से तेज रफ्तार से आ रहा था। छात्रा को ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि छात्रा रोज इसी रास्ते से स्कूल जाती थी। 4 नवम्बर को भी घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन वापस घर लौट कर नहीं आ पाई।

### पुलिस वाला बनकर जेवरात किया पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पुलिस वाला बनकर मकान की चेकिंग कर जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम किया है। उतई पुलिस ने बताया कि टामिन बंजारे ने शिकायत किया है कि सिविल ट्रेस में दो युवक स्वयं पुलिस कर्मी बनकर पहुंचे थे। युवकों ने पीड़ित के मकान में पहुंचकर गांजा बेचने की शिकायत मिलने का झांसा देकर मकान के भीतर प्रवेश किया। मकान से सोने का मंगलसुत्र, पायल, बिछिया व कान का झुमका पार कर दिया। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है।

## निधन

### गुलाबचंद टावरी

**गुरूर।** गुरूर के प्रतिष्ठित व्यापारी गुलाबचंद टावरी पिता स्व. पूनमचंद टावरी उम्र 58 वर्ष का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे माहेश्वरी सभा अध्यक्ष थे। वे भागचंद टावरी के भाई तथा रिंकू, शुभम व बिज्जू के पिता थे।



---

**आयोजन : नारी शक्ति सृष्टि का केंद्र, संस्कार जगाने का आह्वान - डॉ. राघवेंद्र नाथ मिश्रा**

# सरस्वती शिशु मंदिर में पंच परिवर्तन व संप्तशक्ति संगम पर हुआ कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

पंच परिवर्तन एवं संप्तशक्ति संगम की योजना का लक्ष्य प्राप्त करने में सरस्वती शिशु मंदिर की महती भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर एवं बटरेल में आयोजित हुआ।

कार्यशाला के मुख्यवक्ता सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र नाथ मिश्रा थे। कार्यशाला में संस्थान के दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू उपस्थित रहे। विद्यालय के आचार्य दीदी समिति पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में पंच परिवर्तन के पांच बिंदु पर्यावरण, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता और साथ में संप्तशक्ति संगम के सात बिंदु क्षमा कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी वाणी स्मृति धैर्यशीलता पर चर्चा व्याख्यान का फोकस रहा। जामगांव आर कार्यशाला में समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, प्राचार्य पीएल बारले, पवन बंछोर, हाथेश्वर साहू, परमानंद टंडन, प्रीति साहू, सुनीता सेन, दीपिका साहू, शशि यदु, डॉमिन साहू, कविता साव ने भाग लिया।






डॉ राघवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि संतान को विरासत में संस्कार और उज्ज्वल भविष्य देने के लिए पर्यावरण स्वच्छता का उपहार अवश्य दे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर स्वस्थ मस्तिष्क में भला बुरा समझने की अदभुत शक्ति होती है। जब हमारे संतान, देश वासियों की सोच उत्कृष्ट होगी तो देश के वैभव का चिंतन स्वाभाविक तौर पर होने लगेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि हमारे पूर्वजों का एक जमाना था जब भोजन और भजन परिवार साथ बैठकर किया करते थे, स्नेह, प्यार, आदर की गंगा प्रवाहित होती थी। जीवन में आने वाली समस्याएं चुटकी में बिदा हो जाया करती थी, घर की महिलाओं में दादी सास, सास, बड़ी सास, काकी सास, जेठानी, देवरानी, ननंद पुरुषों में दादा, पिता, भाई, देवर, जेठ, नाना प्रकार के रिश्तों के घर परिवार कुटुंब महकते रहता था। एकल परिवार की तीव्र गति से दौड़ लगा रही जमाने में कुटुंब की कल्पना बेमानी सी लगने लगी है, इतिहास के पन्ने की धरोहर सी लगने लगी है। इसे पुनः जीवन करने के लिए मातृ शक्ति को उनके शौर्य का स्मरण कराके पुनः स्थापित करने अलख जगाने मातृ सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर में करके सचेतक की अपनी भूमिका में खरा उतरना होगा।

डॉ राघवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति सृष्टि की केंद्र बिंदु में रही है। नारी तू नारायणी है, इस भाव को जागृत करते हुए क्षमा, कीर्ति, बुद्धि, लक्ष्मी, वाणी, स्मृति, धैर्यशीलता के लिए सक्षम मातृशक्ति को प्रेरित करते हुए संस्कार की बलिष्ठ अवधारणा को पुष्ट करने जागृति अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि नारी दो कुल को संवारती है, इनसे मिलने वाली दिशा समाज को संस्कारित करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से समाज के द्वारा समाज के लिए काम करते हुए संस्कारित शिक्षा से समाज देश को वैभव शाली बनाने में महती भूमिका निभाना सरस्वती शिशु मंदिर का उद्देश्य है।

---



## वनरक्षक भर्ती का दक्षता परीक्षा शुरू



**बालोद।** मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) दुर्ग के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में वनमंडल बालोद में वनरक्षक भर्ती परीक्षा अंतर्गत 05 से 07 नवंबर तक काष्ठागार परिसर बालोद में 03 दिवसीय लंबी कूद परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही 08 नवंबर की तिथि को आरक्षित रखा गया है। उल्लेखनीय है कि वनरक्षक भर्ती परीक्षा अंतर्गत कुल 20 पदों के लिए लंबी कूद दक्षता परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें 13 पद बालोद वनमंडल एवं 07 पद दुर्ग वनमंडल के लिए निर्धारित हैं। लंबी कूद परीक्षा में लगभग 2357 प्रतिभागी शामिल होंगे।

### झांसा देकर ठगी, बैंक मैनेजर समेत 6 गिरफ्तार

**भिलाई।** दुध डेयरी व बीमा करने का झांसा देकर ठगी करने वाले बैंक मैनेजर समेत 6 को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्रामीणएएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम घोटा धमधा निवासी चंद्रिका पटेल ने पुलिस में शिकायत किया था कि आरोपी परसकोल निवासी मधु पटेल, एचडीएफसी कर्मी विकास सोनी के साथ मिलकर 166 किसानों के साथ 46 लाख रुपए का ठगी किया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों राहतादाह धमधा निवासी भागवत ठाकुर, यादव पारा हरिशचंद्र यादव, परसकोल मुकेश पटेल, सेक्टर 6 बी ईश्वर राव, यादव पारा जवाहर सोनी, डेहरी चौकी देवकर थाना साजा बेमेतरा हेमंत सिन्हा को गिरफ्तार किया गया।

---

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संदेश के साथ 10 को निकाली जाएगी यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग अटल नगर रायपुर के निर्देशानुसार जिले में 10 नवंबर को सुबह 07 बजे से यूनिटी मार्च 2025 का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि जिले युनिटी मार्च माँ गंगा मैय्या मंदिर प्रांगण झलमला से शूरू होकर झलमला बस स्टैण्ड, झलमला हायर सेकण्ड्री स्कूल से सिवनी ग्राम होते हुए मुख्य मार्ग के माध्यम से नया बस स्टैण्ड बालोद पहुंच पदयात्र का समापन होगा। उल्लेखनीय है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150वीं जयंती के अवसर पर युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान देते हुए पूरे राज्य में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यूनिटी मार्च में गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र–छात्रएं खिलाड़ी, अधिकारी–कर्मचारी, समाज के पदाधिकारी व समान्नीय जन, ग्रीन कमाण्डो, स्वच्छता दीदी, नल–जल मित्र इत्यादि सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे। उन्होंने जिले के सभी गणमान्य नागरिकों, बच्चे, युवा वर्ग को इस अखण्ड भारत की एकता यात्र में अधिक से अधिक शामिल होकर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' को एकजुट होकर साकार करने को कहा है।

> ■ सरदार पटेल जयंती पर युवाओं में एकता की भावना जगाने यूनिटी मार्च

# जिला कलेक्टर दिव्या की अध्यक्षता में मिलर्स की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

> ■ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा



जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। इसके अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के मिलर्स की बैठक लेकर जिले के सभी मिलर्स को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने कहा है।

उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मिलर्सों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि धान खरीदी का कार्य जिले में सुगमता से निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित हो। बैठक में अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, उप संचालक सहकारी संस्थाएं आरके राठिया, जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर एवं जिला विपणन अधिकारी सहित मिलर्स एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी कार्य को शासन के विशेष प्राथमिकता वाले एवं अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए धान खरीदी के कार्य के संबंध में राज्य शासन के महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत इस वर्ष 50 प्रतिशत नया एवं 50 प्रतिशत पूराने बारदानों से धान की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत मिलर्स द्वारा जिले के कुल 143 धान खरीदी केन्द्रों में से 71 धान खरीदी केन्द्रों में कुल 2007 गठान उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह तक के लिए जिले के उपार्जन केन्द्रों के लिए 07 हजार अतिरिक्त गठानों की आवश्यकता होगी। मिश्रा ने धान उपार्जन केन्द्रों में बारदाना उपलब्ध कराने शेष रह गए सभी मिलर्सों को 10 नवंबर तक अनिवार्य रूप से बारदाना उपलब्ध कराने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने वर्तमान में नागरिक आपूर्ति निगम में पर्याप्त जगह होने के कारण जिले के मिलर्स को पिछले वर्ष का बकाया चावल नागरिक आपूर्ति निगम में जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

### कार्तिक पूर्णिमा में नहाने गए नाबालिग की तालाब में डूबने से मौत

**भिलाई।** कार्तिक पूर्णिमा में घर से तालाब अपने दोस्तों के साथ नहाने गए नाबालिग की डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम व पुलिस पहुंची थी। तालाब में खोजबीन करने के बाद शव को बरामद कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 35 जी केबिन चरोदा निवासी चित्रांश उर्फ अंशु मोंगराज 16 वर्ष का है। एक साल के उम्र में ही पिता की मौत हो गई थी। चित्रांश घर का इकलौता था। बुधवार की सुबह कार्तिक पूर्णमा पर्व के दौरान तालाब में दोस्तों के साथ चित्रांश नहाने गया हुआ था। सभी युवक अपने-अपने घर पहुंच गए लेकिन सुबह सात बजे तक चित्रांश घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल किया गया। लेकिन चित्रांश कॉल रिसीव नहीं किया। उसके बाद दोस्तों को कॉल करने पर पता चला कि तालाब के बाहर उसका कपड़ा, मोबाइल पड़ा हुआ है।

---

## पेज 9 के शेष

### सड़क हादसे में एक युवक ...

बजे मोबाईल के माध्यम से सूचना मिला कि ग्राम लिम्हाटोला व अवारीनाला के मध्य तालाब के पास मेन रोड में एक्सीडेंट होने से एक लडका का मृत्यु हो गया है, एक लडका घायल अवस्था में पडा है, सूचना पाकर मैं और निलेश कुमार रावटे का बडा भाई मनीष कुमार रावटे एवं अन्य लोग मौके पर ग्राम लिम्हाटोला तालाब के पास आकर मेन रोड में देखा तो निलेश कुमार रावटे के सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर मृत्यु हो गया था तथा मोटर सायकल के पीछे बैठे हेमलाल गौर घायल अवस्था में था, हेमलाल के सिर एवं दाहिना पैर में गंभीर चोट आया है, जिसे 108 एंबुलेश से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल डौंडी में भर्ती किये है। अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा रात्रि करीबन 01 बजे उक्त घटना हुई है।

### दल्लीराजहरा में केंद्रीय ...

मानना है कि यह केवल एक विद्यालय की स्थापना नहीं, बल्कि दल्लीराजहरा के शिक्षा क्षेत्र के स्वर्णिम भविष्य की शुरुआत है। लगभग दस वर्षों के जनसंघर्ष, सामूहिक एकजुटता और स्थानीय नेतृत्व की दृढ़ इच्छाशक्ति ने आज दल्लीराजहरा के लिए वह सपना साकार कर दिया है, जो कभी असंभव लगता था। केंद्रीय विद्यालय अब दल्लीराजहरा में हकीकत बनने जा रहा है।

### गुण्डरदेही में संपूर्ण ...

कराया जाना है एवं गंभीर नेत्र के मरीजों को चिकित्सा महाविद्यालय ईलाज हेतु रिफर किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, पुरुष एवं मितानिनों के सहयोग से मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोग के सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। तत पश्चात नेत्र सहायक अधिकारी के द्वारा मोतियाबिंद पुष्टिकरण का कार्य साथ साथ किया गया है, सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यत ष्टिहीनता का कारण मोतियाबिंद, कॉचबिंद, डायबेटिक रेटिनोपैथी एवं दृष्टिदोष, चाईल्ड ब्लाईड हुड, कार्नियल ओपेसिटी के मरीजों को चिन्हांकित कर उच्च संस्थान में ईलाज हेतु रिफर किया जा रहा है।

---

# समाजसेवी बंशीलाल भारद्वाज की स्मृति में 29 नवंबर को मनाया जाएगा गौरव तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार उनकी पुण्यतिथि 29 नवंबर का मनाया जाएगा। गरीब आदिवासी बच्चों का भविष्य बनाने के लिए शादी नही कर आजीवन अपने वेतन का पुरा भाग इन बच्चों के भविष्य बनाने के लिए न्योछावर करने वाले गुरुजी बंशीलाल भारद्वाज की अमिट अमर गाथा को अपना श्रद्वासुमन अर्पित करने का एक पल है बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार।

> ■ 13 वर्षो से निरंतर मनाया जा रहा है बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार

बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार के प्रदेश संयोजक डॉ साधुराम भारद्वाज ने गौरव तिहार के 13 वर्शो की ऐतिहासिक सफर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले के इस प्रतिष्ठित आयोजन मे अब तक छ.ग. के प्रसिद्व रंगकर्मी पटकथा लेखक प्रेम साईमन, पंडवानी की अंतर्राष्ट्रीय गायिका पद्मश्री, पद्मविभूशण डॉ तीजनबाई, ढोलामारू छ.ग. लोकगाथ के प्रख्यात गायिका रजनीरजक, छ.ग. फिल्म विकास निगम के वर्तमान अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा फिल्म अभिनेत्री मोना सेन, यूथ आर्टिस्ट एसोसिएसन के चेयरमेन अभिनेत्री काजल श्रीवास्तव, महर्शी मुक्तानुचर डॉ सत्यानंद जी महराज, महर्शी मुक्तानुचर वरिष्ठ साहित्यकार आत्माराम जी कुंभज, श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांताध्यक्ष जगदीश देशमुख, वरिष्ठ कवि एवं लोककलाकार सीताराम साहू "याम, मानस मर्मज्ञ राजहंस भारद्वाज, हरबंशलाल अरोरा, छालिवुड अभिनेता नरेन्द्र काबरा, छ.ग कॉमेडी किंग घेवर यादव, भोलाराम साहू, पप्पू चन्द्राकर, राजे तात्कालीन कलेक्टरश सिंह राणा, तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी डीएस मरकाम, तत्कालीन नगर पालिका परिशद् बालोद अध्यक्ष विकास चोपड़ा, विधायक वैशालीनगर भिलाई रिकेश सेन सहित बड़े बड़े हस्तियो का आगमन हो चुका है।

बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार प्रदेश संयोजक डॉ साधुराम भारद्वाज ने बताया कि 13वें वर्श के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय के वार्शिकोत्सव समारोह 29 नवंबर को इस बार छ.ग. के सुपर डुपर फेमस सिंगर गरिमा दिवाकर एवं स्वर्णा दिवाकर व क्षेत्र के लोकप्रीय विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा का आगमन हो रहा है। क्षेत्रवासी इनके स्वागत एवं सम्मान के लिए जोरदार तैयारी कर रहे है।

बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय का वार्शिकोत्सव, जिले के प्रतिष्ठित महापुरूश, निःस्वार्थ समाजसेवी, शिक्षा से वंचित नक्सल प्रभावित अनाथ व निर्धन बच्चो के पालनहार मसीहा, आध्यात्म और वेदांत के प्रखर चिंतक, परमानंदधाम अमलीडीह के संस्थापक, छ.ग. लोक सांस्कृतिक कला मंच गोंदली के लहरा के सर्जक बंशीलाल भारद्वाज गुरूजी की स्मृति मे उनकी पुण्यतिथि 29 नवंबर के अवसर पर प्रतिवर्श मनाया जाता है।

इस दिन क्षेत्रवासी व बंशीलाल भारद्वाज हाईस्कूल की छात्र छात्राएं व शिक्षकगण उनकी कर्मभूमि अमलीडीह स्थित उनके द्वारा निर्मित परमानंदधाम परिसर में पहुंच कर उनकी समाधि पर पुष्पाजली अर्पित करते है तथा बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह के प्रांगण में फाउडेंशन द्वारा निर्मित व स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण करते है।

इसके पूर्व सर्वप्रथम जिला मुख्यालय बालोद मे भी पहुंच कर नगर पालिका बालोद द्वारा निर्मित बंशीलाल भारद्वाज बस स्थानक परिसर मे उनका पुण्य स्मरण किया जाता है।

---

**गांव में ही मिल रही बैंकिंग, प्रमाणपत्र और ऑनलाइन सेवाएं**

# गुजरा में शुरू हुआ अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौंडी विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम पंचायत गुजरा में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के नेतृत्व और सकारात्मक पहल से अटल डिजिटल सुविधा केंद्र (एडीएसके) की शुरुआत हुई है। जिसने ग्राम पंचायत गुजरा को नई पहचान दी है।

> ■ सीईओ सुनील चंद्रवंशी की पहल से गुजरा में खुला अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

ग्राम पंचायत गुजरा के ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामवासियों को पहले आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, बैंकिंग लेनदेन सुविधा, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड जैसी मूलभूत शासकीय सेवाओं के लिए विकासखंड मुख्यालय के बैंक या जिला मुख्यालय के बैंक जाना पड़ता था।



जिससे समय और पैसे दोनों खर्च होती थी। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। गांव में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना से ग्रामीणों को बहुत सहूलियत हो रही है एवं ग्रामीणों के समय और धन की बचत भी हो रही है। अब छोटे–छोटे कामों के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण डिजिटल लेनदेन, विभिन्न योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन, नगद आहरण, प्रमाण पत्र आदि सुविधाओं का लाभ ले रहे है।

अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के स्थापित होने से पारदर्शिता और भरोसा बढ़ा और बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई। ग्रामीणों को सभी डिजीटल सेवाओं का लाभ घर के नजदीक मिल रही है। शासन की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता, डिजिटल इंडिया मिशन की मजबूती और विकास की मुख्यधारा से जुड़ाव का सशक्त उदाहरण है। ग्राम पंचायत गुजरा का अटल डिजिटल सेवा केंद्र बालोद जिले के तीसरे चरण में चयनित ग्राम पंचायत है। उल्लेखनीय है कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र गुजरा के माध्यम से अब तक कुल 1.30 लाख रुपये से अधिक का डिजिटल ट्रांजेक्शन हो चुका है।



## खबर संक्षेप

### मुख्य वन संरक्षक ने किया रजत जयंती उपवन का उद्घाटन



**बालोद।** वनमंडल बालोद में मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) दुर्ग द्वारा रजत जयंती उपवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की स्थापित प्रतिमा पर पुष्पांजली भी अर्पित की गई। उद्घाटन समारोह पश्चात वनरक्षकों के कार्य को अधिक प्रभावी बनाने हेतु कैंपा द्वारा प्रदान किए गए नवीन उपकरणों को वनरक्षकों में वितरण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि जैव विविधता के संरक्षण हेतु जन जागरूकता हेतु उपवन बालोद में कैक्टस जोन, वृक्ष उद्यान, लोटस पॉन्ड एवं पर्यावरण व वन्यजीव आधारित वॉल पेंटिंग किया गया है।

### वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर जिला स्तर पर होगा सामूहिक गायन

**बालोद।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रलय नई दिल्ली के आदेशानुसार वंदेमातरम की 150वीं वर्षगाठ के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इसके पश्चात एक साथ वंदे मातरम् का गायन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### देशभर में मनाई जाएगी वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ

**बालोद।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार वंदेमातरम की 150वीं वर्षगाठ के अवसर पर चार चरणों में ग्राम पंचायत, जनपद, जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम का प्रथम चरण 07 से 14 नवंबर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 तथा चतुर्थ चरण का आयोजन 01 से 07 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ 07 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान दूरदर्शन के माध्यम से सुबह 10 बजे से 11 बजे तक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात एक साथ 'वंदेमातरम' का गायन किया जाएगा।

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सिंधी और अग्रवाल समाज के सदस्यों ने थाने पहुंचकर अमित बघेल के खिलाफ शिकायत किया था। शिकायत में बताया गया है कि अमित बघेल ने सोशल मीडिया पर अपने बयान में सिंधी समाज और उनके पूजनीय इष्टदेव संत झूलेलाल के साथ-साथ महाराजा अग्रसेन को लेकर अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी किया। टिप्पणी के बाद सिंधी और अग्रवाल समाज के लोगों में आक्रोशि व्यक्त किया है। दोनों समाजों के पदाधिकारियों ने बयान को धार्मिक और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताया है। पुलिस प्रशासन से अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग भी की है। इस अपराध के लिए तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भिलाई के सिंधी समाज के लोगों ने एसएसपी विजय अग्रवाल से भी मुलाकात किया था।

**कार्यक्रम :** छात्रों ने ली नशामुक्त जीवन और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ

# साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति और यातायात नियमों पर किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर






- साइबर सेल और महिला सेल ने छात्रों को सिखाए डिजिटल सुरक्षा और आत्मरक्षा के उपाय

डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति अभियान एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न सामाजिक, कानूनी एवं साइबर सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

साइबर सेल बालोद से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेंद्र द्वारा बताया गया कि अज्ञात लिंक या एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचें, क्योंकि इनसे मोबाइल में मालवेयर इंस्टॉल होकर बैंक संबंधी जानकारी चोरी हो सकती है। डिजिटल अरेस्ट जैसे नए ऑनलाइन फ्रॉड में अपराधी स्वयं को पुलिस या किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर डराते हैं और पीड़ित से ऑनलाइन पैसे वसूलते हैंऐसे कॉल या वीडियो कॉल पर विश्वास न करें। फर्जी लोन ऐप्स जो अत्यधिक ब्याज दर पर कर्ज देते हैं और बाद में व्यक्तिगत फोटो या डेटा का दुरुपयोग करते हैं, उनसे सावधान रहे। ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स से खरीदारी करते समय केवल विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का उपयोग करे, नकली वेबसाइट या लिंक से बचने एवं भुगतान करते समय सावधानी बरतने के उपाय बताए गए। बालोद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करें, और जागरूक रह कर ही डिजिटल युग में सुरक्षित रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी, हैकिंग या ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल या टोल फ्री नंबर 1930 पर दर्ज करने की अपील की गई। कार्यक्रम में महिला सेल से एएसआई सीता गोस्वामी द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता पर भी विशेष बल दिया गया। छात्रओं को महिला संरक्षण संबंधी कानूनों जैसे दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, तथा साइबर बुलिंग और रिवेंज पोर्न जैसे अपराधों के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन नंबर 112 की जानकारी भी साझा की गई।

इसके अतिरिक्त, छात्र–छात्रओं को नशामुक्त जीवन जीने, महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार अपनाने, और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे जनजागरूकता अभियानों से समाज में सुरक्षा, संवेदनशीलता, साइबर साक्षरता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने में मदद मिलती है। इस जागरूकता कार्यक्रम में महिला सेल बालोद से एएसआई सीता गोस्वामी, महिला आरक्षक द्रौपति साहू, साइबर सेल बालोद से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेंद्र, आरक्षक रविकांत गंधर्व, महाविद्यालय के प्राचार्य ख़ेम लाल रावटे, सहायक प्रोफेसर रोहित शोरी, प्रज्ञा कोरपे एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## आदिवासी किसान अपनी भूमि पर कब्जा पाने चार साल से भटक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- न्यायालय के आदेश की अवहेलना, एक साल बाद भी नहीं हुआ सीमांकन

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम अडजाल के किसान कन्हैया लाल भौसार्य पिछले चार वर्षों से अपनी ही भूमि का हक पाने न्यायालयों और राजस्व कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। न्यायालय आयुक्त दुर्ग संभाग द्वारा 4 अप्रैल 2024 को तहसीलदार दल्लीराजहरा को पुनः सीमांकन का आदेश जारी किया गया था, किंतु एक वर्ष बीतने के बाद भी सीमांकन की कार्यवाही पूरी नहीं हो पाई। इससे न्यायालय के आदेश की अवहेलना स्पष्ट झलक रही है। कृषक की भूमि खसरा नंबर 79/2, 105/2 और 758 कुल रकबा 0.70 हेक्टेयर पर तीन लोगों द्वारा अवैध कब्जा बताया गया था। सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर किसान ने कई बार धारा 250 के तहत कब्जा दिलाने आवेदन दिया, पर हर बार उसे सिर्फ तारीख पर तारीख ही मिलती रही। किसान का आरोप है कि अवैध कब्जा हटाने में तहसील प्रशासन ढिलाई बरत रहा है, जिससे वह अपनी भूमि में फसल बोआई भी नहीं कर पा रहा और आर्थिक संकट झेल रहा है। किसान अब भी अपने स्वामित्व की भूमि के हक में न्याय की आस लगाए बैठा है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



- रंगोली, चित्रकला, लोकगीत और भाषण प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सूखीत राम कलिहारी एवं आचार्य परिवार द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, भारत माता, सरस्वती माता, प्रणव अक्षर ओम, तुलसी माता व सालिगराम भगवान का दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजन किया गया। विद्यालय के भैया बहनों को प्रधानाचार्य फल देव साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किया। बौद्धिक प्रमुख सूखीत राम कलीहारी ने छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास लोक संस्कृति, लोक परंपरा, लोक शिल्प, लोक गीत, आभूषण व्यंजन, साहित्य महान विभूतियों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया जो भैया बहनों के लिए ज्ञानवर्धक रोचक एवं मनोरंजन रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों के लिए विविध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैसे रंगोली, चित्रकला, छत्तीसगढ़ी लोकगीत, भजन, गायन, भाषण चुटकुला जनउला, प्रश्न मंच एकल अभिनय एवं राष्ट्रीय एकता दौड़ आदि। सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कामता प्रसाद साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, रंजना सिंनहा, रेणुका सिंनहा, छबीलता पटेल, लीलेश्वरी साहू, ईश्वरी ठाकुर एवं बाल भारती व शिशु भारती के पदाधिकारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत ने उपराष्ट्रपति से भेंट की



बालोद। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती राज्योत्सव के समापन पर देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन पहुंचे हुए थे। जहां कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के बाद वे रायपुर विमानतल पर पहुंचे जहां विदाई के अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने उपराष्ट्रपति से भेंट की।

## एक प्रयास नशा व अपराध मुक्त समाज की ओर कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- नशा के दुष्प्रभावों पर समाज के लोगों को किया जागरूक

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्राम चंदखुरी गुरुघासीदास चौक में तहसील सतनामी समाज दुर्ग व सतनामी समाज चंदखुरी द्वारा 'एक प्रयास नशा व अपराध मुक्त समाज की ओर नामक कार्यक्रम का 2 नवंबर को सफल आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें दुर्ग तहसील सतनामी समाज के पदाधिकारियों मानव समाज में नशा के कारण हमारा शरीर व स्वास्थ्य में पड़ रहे दुष्प्रभाव के बारे में समाज के लोगों को जागरुक किया।

ग्राम के सरपंच कविता यादेश ठाकुर द्वारा नशा नाश की जड़ है भाई, फल है इसका बढ़ा दुखदाई श्लोगन के साथ नशा का स्कूली छात्रों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को रोकने के लिए लोगों को नशा से दूर रहने की हीदायत दी। इस मौके पर थाना प्रभारी-थाना पुलगांव विशेष रुप से उपस्थित थे उन्होने समाज के इस अभियान की बहुत ही सहराना की तथा समाज के इस अभियान में थाना प्रशासन व अपना पूरा सहयोग प्रदान करने का अश्वासन दिया। इस अभियान में क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य आशा विक्किी मिश्रा, जनपद सदस्य गोपाल यादव संजय बघेल-जनुसूचितजाति विभाग अण्डा भाजपा मंडल, वार्ड पंच नन्दनी गायकवाड़, कांति सेना सदस्य के कार्यकर्ता मनीष कुमार देशलहरे तथा समाज के प्रमुख सदस्यों धनबघेल कार्तिक बघेल, चैतराम खुटेल, जाग्रित कुर्रे राकेश गयाकवाड़, नरसिंग बारले ललित देशलहरे चिताराम टोरले ओमप्रकाश खुटेल आदि का विशेष योगदान रहा।

**मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना**

## 23 श्रद्धालु द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर धाम के लिए रवाना



**गुरूर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 23 यात्रियों को बस के माध्यम से तीर्थ दर्शन के लिए रवाना किया गया। जिसमें यात्रियों को द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर धाम के दर्शन कराए जाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू, सनौद भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, महामंत्री ललित गजेन्द्र, सरपंच ग्राम पंचायत बोहारडीह राजेन्द्र साहू, संजय साहू, मितेश साहू, सुरेश ठाकुर उपस्थित थे।

## ई संवर्ग के शिक्षकों को मिला न्याय, 13 साल बाद प्राचार्य पदोन्नति का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्कूल शिक्षा विभाग में ई संवर्ग के प्राचार्य पदोन्नति बाधाएं न्यायालयीन आदेश के बाद समाप्त होने से विगत 13 वर्षो से प्राचार्य पदोन्नति के लिए प्रतिक्षारत शिक्षकों के लिए आज का दिन खुशखबरी भरा रहा। ज्ञात हो कि शिक्षकों के भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2014 को संशोधन कर नियम 2019 बनाया।

नए नियम के तहत ई संवर्ग और टी संवर्ग के लगभग 3000 व्याख्याता और प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला की पदोन्नति प्राचार्य पद पर शासन ने पदोन्नति आदेश जारी किया था। किन्तु पदोन्नति से वंचित ई संवर्ग के कुछ व्याख्याता माननीय न्यायालय में याचिका दायर किए थे। जिस पर पदोन्नति उपरांत पदांकन और आगे की प्रक्रिया पर रोक लगा दिया था। जिस पर अंतिम सुनवाई 30 जुलाई 2025 के पश्चात माननीय न्यायाधीश द्वारा फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसे माननीय न्यायालय फैसला सुनाते हुए प्रकरण को बिना टिप्पणी के शासन के पक्ष में फैसला सुनाया दिया। टी संवर्ग की पदोन्नति प्रक्रिया और पदांकन प्रक्रिया में कोई रोक नहीं होने के कारण इनका पिछले माह पदांकन कर दिया गया है। माननीय न्यायालय के निर्णय के उपरांत पदोन्नत प्राचार्यों में जहां एक ओर खुशी का लहर है। वहीं सैकड़ों पदोन्नत प्राचार्य न्यायालयीन रोक के कारण सेवानिवृत्त हो गए निराश हैं। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ लगातार पदोन्नति को लेकर शासन स्तर पर प्रयास रहा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ दुर्ग संभाग के संभागीय अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि 1 मई 2025 के बाद सेवानिवृत्त पदोन्नत प्राचार्यों को पदोन्नति का आर्थिक लाभ पेंशन में होगा। संभागीय अध्यक्ष भुवन सिन्हा, प्रातीय उपाध्यक्ष हरि शर्मा, प्रांतीय मंत्री टीकम साहू सचिव आर के दुबे संगठन मंत्री वाय के दिल्लीवार, हरनारायण राजपूत दुर्ग, खुरियारे बेमेतरा, रोहित देशमुख बालोद, महेश्वर साहू राजनांदगांव, चन्द्रवंशी कवर्धा, जीवन देवांगन खैरागढ़, रवि यादव मानपुर मोहला हर्ष व्यक्त किया है।

# भरदा की तीस महिलाएं बनीं 'महिला कमांडो'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम पंचायत भरदा विकासखंड मगरलोड जिला धमतरी से तीस महिला कमांडों का दल सरपंच भानुप्रियंका के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए गुण्डरदेही कार्यालय पहुंचे।

पद्मश्री समशाद बेगम ने बतलाया ये महिलाएं स्व प्रेरित होकर कमांडो बनना चाहती हैं। इन्हें आज प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उसे किसी भी हालत में कानून अपने हाथों में नहीं लेने कहा गया, रात्रिकालीन गश्त करने तथा गांधीवादी तरीके से कार्य करते हुए एकता भाईचारा को बढ़ावा देते हुए शांति स्थापित करने डेरी डायरी लिखने तथा प्रलोभन में नहीं आने हिदायत दिया गया। भानुप्रियंका सरपंच बतलाती है कि उन्हें महिला कमांडों का कार्य बहुत ही अच्छा लगा है और वह इन कमांडो का भरपूर सहयोग करेगी, केसर महिला कमांडों ने बतलाया उन्हें शमशाद बेगम द्वारा दिया गया प्रशिक्षण बहुत ही अच्छा लगा। हम लोग जो भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है उसी अनुसार कार्य करेंगी और नशा मुक्त भारत एवं ग्राम को संभव करके दिखलाएंगी। इस अवसर पर लोकेश साहू, पूनम साहू, पुष्पा जयंती, हेमीन, बृज बाई, कुलेश्वरी, यमुना उपस्थित रही।

## बालोद में सड़कों की मरम्मत कार्य शुरू, 1.87 करोड़ की स्वीकृति मिली





**बालोद।** उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव की घोषणा के अनुरूप बालोद जिले में वर्षा ऋतु पश्चात सड़कों के रख–रखाव व मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जिले में वर्षा ऋतु के दौरान हुई सड़को की क्षति का विस्तृत सर्वे किया गया तथा खराब सड़कों को चिन्हांकित कर मरम्मत हेतु आवश्यक राशि का आंकलन कर लगभग 160 किमी. सड़कों के मरम्मत हेतु 01 करोड़ 87 लाख रूपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा यथाशीघ्र निविदा आमंत्रण व कार्यादेश जैसी विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर वर्षा ऋतु समाप्त होते की सड़कों के मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि चिन्हांकित सड़कों का मरम्मत कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

